हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, शनिवार 28 जून 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

02 गुड टच-बेड टच पर, साइबर क्राइम एवं नशा मुक्ति पर...



04 मंत्री जायसवाल ने नाड़ी वैद्य देशमुख को किया सम्मानित





**खबर संक्षेप**

### विधायक ने प्रवेशोत्सव में बांटीं किताबें व सायकिल



**बालोद।** ब्लाक के पूर्व माध्यमिक शाला सांकरा (क) में आयोजित विकास खण्ड शाला प्रवेशोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में संजारी बालोद के विधायक संगीता सिन्हा शामिल हुए। इस अवसर पर छात्र–छात्रओं का स्वागत कर उन्हें किताबें, साइकल भेंट कर नए सत्र के शुरुआत की शुभकामनाएं दी गई व विधायक संगीता सिन्हा जी बच्चों के साथ मिल कर पौधारोपण भी किया गया। वही विधायक संगीता सिन्हा ने कहा एक शिक्षित और आत्मनिर्भर राज्य का निर्माण कर सकते हैं और आधुनिक युग में शिक्षा बहुत ज़रूरी हैं मैं सभी बच्चों से कहना चाहती हूँ कि आप सभी बहुत अच्छे से पढ़ाई करे क्योंकि आपके जीवन के सफ़र का नींव यही हैं इसे जितना मज़बूत करोगे आपका सफ़र उतना ही अच्छा होगा और आपको सफलता अवश्य मिलेगी, शिक्षा वह अनमोल धन हैं जिसे आपसे कोई छीन नहीं सकता,आप सभी में एक अलग अलग टैलेंट होगा उसे आप पहचानिए और मेहनत कीजिए।मैं आप सभी को शुभकामनाएँ देती हूँ और आपके उज्ज्वल भविष्य कि कामना करती हूँ। इस कार्यक्रम में ब्लाक महामंत्री ऐनु राम साहू, शादिक अली सहित नन्हे नन्हे बच्चे, शिक्षकगण व अभिभावकगण उपस्थित थे।

**पर्व : गाजे-बाजे के साथ भगवान की पूजा-अर्चना की**

# भगवान जगन्नाथ की निकाली रथयात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



जिला मुख्यालय सहित अंचलों मे समितियो के तत्वाधान में गाजे बाजे के साथ रथ यात्र के पर्व को बड़ी धूम धाम से मनाया गया। बालोद नगर में अनेक गावो से अधिक से अधिक सख्या में रथ यात्र को देखने पहुंचे लोगो ने भी रथ को अपने हाथो खींचा स रथ यात्र हिंदू धर्म में बहुत ही महत्वपूर्ण दिन माना जाता है।

हिंदू पंचांग के अनुसार हर साल पुरी में जगन्नाथ यात्र आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को निकाली जाती है। ऐसी मान्यता है, कि इस दिन भगवान जगन्नाथ, बलभद्र जी और सुभद्रा माई के साथ अपनी मौसी के घर जाते हैं। इस बार जगन्नाथ यात्र 27 जून को निकाली गई, जो कपिलेश्वर मंदिर से निकल कर बाजार चौक,मधु चौक से हो कर अनेक चौक चौराहों से होकर गुजरी जहा सैकड़ों की संख्या में लोगो की भीड़ भगवान के दर्शन के लिए उमड़ी और प्रसाद भी ग्रहण किए जिसमे महाप्रसाद के रूप में गजामुंग, चना, मटर, दल व अन्य दलहनी बीज को भिगोकर दिया गया। भीड़ नियंत्रण के लिए पुलिस बल तैनात किया गया था ,जिसके चलते रथ यात्र सांतिपूर्ण सम्पन हुआ।

## जगन्नाथ स्वामी, बलभद्रजी और देवी सुभद्रा की रथयात्रा देखने श्रद्धालुओं को लगा तांता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुण्डरदेही



नगर पंचायत गुण्डरदेही में इस वर्ष भगवान श्री जगन्नाथ जी की रथ यात्र का भव्य आयोजन श्रद्धा भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ। यात्र की शुरुआत राम जानकी मंदिर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की विधिवत पूजा–अर्चना से की गई, जहां नगरवासियों के कल्याण, सुख–शांति और समृद्धि की मंगलकामना की गई। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने विधिवत पूजा कर भगवान श्री जगन्नाथ जी को रथ में विराजमान किया और पूरे नगर में रथ यात्र का विधिपूर्वक शुभारंभ किया। नगर भ्रमण के दौरान गूंजते भजन, जयकारों और भक्तिभाव से भरे वातावरण ने सम्पूर्ण नगर को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। यह रथ यात्र जनभागीदारी और भक्ति का एक अनुपम संगम बन गई।

इस आयोजन में नगरवासियों के साथ–साथ अनेक विशिष्टजन और गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। मुख्य रूप से रूप में तीमिरेंद्रू शेखर,,पूर्व विधायक राजेंद्र राय, लेखराम साहू कोमल सोनकर दुष्यंत कुमार सोनवानी, सौरभ जैन टीकाराम निषाद, गीता देवी राय, पप्पू राय, शेखर राय, सोहन सोनी, भूपेंद्र पांडे,, पंकज सोनी, उपेंद्र साहू, चेतन सोनकर, रवि मानिकपुरी, कन्हैया निर्मलकर, मुकेश मिश्रा, मोहन निषाद, दयाराम सिन्हा, दर्शन जैन, सूरज यादव, देवा सोनकर, लालवीर राजपूत, शेखर यादव, राम यादव, परमानंद सोनकर, लोकेंद्र सोनकर, कक्कू चंद्राकर, प्रशांत श्रीवास्तव, विनय गुप्ता, विजय कोसरे, साहू जी, नगर पंचायत के समस्त पार्षदगण, चंडी मंदिर समिति के सदस्यगण एवं सैकड़ों नगरवासी उपस्थित थे।

# सिपाही से गाली-गलौज एवं हमला, दो आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

थाना देवरी बालोद पुलिस द्वारा पुलिस पर हमला करने वाले आरोपी को तत्काल गिरफ्तार किया गया। जेसीबी वाहन घर में घुसने को लेकर घर वाले द्वारा जेसीबी चालक के साथ मारपीट किए थे। मामले को नियंत्रित करने सहायता मे पहुंची पिनकापार पुलिस पर ही आरोपियों ग्राम पिनकापार निवासी आरोपी जितेन्द्र कुमार पिता स्व अकल राम, धनेश कुमार पिता स्व अंकल राम द्वारा हमला किया गया था।

मामला पुलिस चौकी पिनकापार थाना देवरी क्षेत्र का है। 25 जून के रात्रि करीबन 09:15 बजे पिनकापार के एक घर में जेसीबी चालक द्वारा गाडी के सामने अचानक मवेशी आ जाने पर मवेशी को बचाने के प्रयास में जितेन्द्र कुमार के घर जेसीबी घुस गया। जिससे घर का दीवाल क्षतिग्रस्त होने पर घर वालों के द्वारा जेसीबी चालक के साथ मारपीट शूरू कर दिया, उक्त घटना की सूचना पाकर पुलिस चौकी पिनकापार प्रभारी सउनि अजित महोबिया ▶▶ शेष पेज 2 पर

## समर्थ टुवानी स्टैण्ड अप कामेडी में प्रथम



**गुरूर।** नगर के होनहार छात्रा समर्थ टुवानी ने प्रदेश स्तरीय आपणो उत्सव मे स्टैण्ड अप कामेडी मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। समर्थ अब राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए हैदराबाद जाएगा। प्रदेश माहेश्वरी युवा संगठन द्वारा प्रदेश स्तरीय आपणो उत्सव का आयोजन अभनपुर जिला रायपुर मे किया गया था। इस उत्सव मे स्टैण्ड अप कॉमेडी प्रतियोगिता मे नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी व समाज सेवक मनमोहन टुवानी के पोते समर्थ टुवानी ने अपनी प्रतिभा के दम पर प्रदेश मे प्रथम स्थान प्राप्त किया। समर्थ की इस सफलता पर माहे"वरी समाज ने हर्श की लहर दौड़ गई। समर्थ टुवानी की इस सफलता पर उनके पिता अभिशेक टुवानी, उनकी माता जो प्रदेशिक व्यक्तत्वि विकास संयोजक निधि टुवानी, समाज के अध्यक्ष गुलाब टावरी, जिला कार्यक्रम संयोजक हरिश टुवानी, युवा संगठन अध्यक्ष धीरज माहे"वरी सहित माहे"वरी समाज ने हर्श व्यक्त किया।



## खबर संक्षेप



### आपातकाल के काले अध्याय पर भाजपा ने की संगोष्ठी

**जामगांव आर।** आपातकाल की काला अध्याय के विरोध में जामगांव आर भाजपा मंडल स्तरीय कार्यक्रम मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू के नेतृत्व में जामगांव आर में हुआ। जिसमें उपस्थित मुख्य रूप से डॉ दयाराम साहू, पूर्व मंडल अध्यक्ष लालेश्वर साहू, नेतराम निषाद, कन्हैया लाल साहू, नारद साहू जिला पंचायत प्रतिनिधि, नरेश केला, भगवान सिंह चंद्राकर, धनराज साहू, पुणेन्द सिन्हा, मुकेश साहू, मेघनाथ सगरवंशी, हर्ष कुमार, कमलेश यादव, अभिषेक सेन, गुमान साहू, रमेश साहू, नरोत्तम निषाद, परमेश्वर चक्रधारी, तीरथ पटेल, भानु साहू, शेष नारायण साहू, प्रेमिन साहू, उपासना साहू, कार्यक्रम का संचालन अंगेस्वर साहू ने किया, स्वागत भाषण मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू उपस्थित रहे समवेत स्वर में कांग्रेस की देश विरोधी संविधान विरोधी आपातकाल की निंदा किए।

### टटेंगा शाला प्रवेशोत्सव हर्षोल्लास से मनाया



**बालोद।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में शाला प्रवेशोत्सव बड़े ही हर्ष उल्लास पूर्वक मनाया गया।

इस कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप किशोरी साहू, रमेश सोनवानी, दुलारी देवांगन, शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टूमन साहू, शिव कुमार धर्मगुडे, जागेश्वर, उत्तम साहू, सरपंच दीप्ति साहू, पुरुषोत्तम उर्वशा, रिखी राम साहू, पुरुषोत्तम वासनिक, इंद्राणी हिरवानी, ममता साहू उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। सर्वप्रथम नव प्रवेशी बच्चों का तिलक लगाकर व मुंह मीठा कर स्वागत किया गया। कक्षा 9वीं के सभी विद्यार्थियों को पुस्तक वितरित किया गया।

इस अवसर पर अतिथि महोदय के द्वारा विद्याथएँ जीवन में अनुशासन के महत्व को छात्र-छात्रओं को पालन करने के लिए कहा गया। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन प्राचार्य आर के देवांगन एवं संचालन व्याख्याता अजय पाठक ने किया। कार्यक्रम में ग्राम के चंद्रमणि वासनिक, टीएल देवांगन, रेशमी साहू, चंद्रा देबनाथ, पवन सिन्हा, हेपशिबा एंथोनी, हर्षा देवांगन, रीना बोरकर, भागवत साहू, महेश रावटे, वेद प्रकाश साहू उपस्थित थे।

### संविदा पदों की पूर्ति के लिए पात्र–अपात्र सूची जारी

**बालोद।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत विभिन्न संविदा पदों की पूर्ति हेतु पात्र–अपात्र सूची जारी कर दी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन बालोद अंतर्गत विभिन्न रिक्त संविदा पदों की भतएँ हेतु निर्धारित प्रपत्र में आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कर प्रारंभिक पात्र–अपात्र सूची जारी की गई है। जिसे जिले के वेबसाईट बालोद डॉट जीओवी डॉट इन पर अलवोकन किया जा सकता है। इसके साथ ही उक्त संबंध में किसी भी अभ्यथएँ को आपत्ति होने की स्थिति में 03 जुलाई को शाम 05.30 तक कार्यालयीन समय में अभ्यथएँ स्वयं कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा ईमेल आईडी पर दावा आपत्ति कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि निर्धारित तिथि के उपरान्त प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं की जाएगी।

### लापरवाही : भवन जर्जर, मरम्मत संभव नहीं इसलिए राशि लौटाई

# नारागांव पूर्व माध्यमिक शाला भवन के लिए 13 लाख स्वीकृत पर काम कुछ का नहीं हुआ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

गुरूर ब्लॉक के ग्राम नारागांव में स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला के खपरैल भवन से खपरैल निकाल टिन शेड लगा रंग रोगन के लिए 5 लाख 54 हजार और लेंटर भवन में छत पर वाटर फ्रूफिंग टाइल्स और अन्य कार्यों के लिए 7 लाख 52 हजार स्वीकृत एक साल पहले की गई थी स्वीकृत के बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा टेंडर निकाला डौंडी के ठेकेदार को काम दिया गया था।

लेकिन ठेकेदार ने खपरैल भवन पर खानापूर्ति कर टिन सेड लगा मलबा को क्लास में छोड़ बाकी काम को बंद कर दिया था। वही विभाग से मिली जानकारी के अनुसार उक्त ठेकेदार द्वारा 12 लाख 80 हजार की स्वीकृति कार्य में महज 1 लाख ग्यारह हजार का कार्य किया गया था। जिसे लेकर ग्रामीणों द्वारा कई बार शिकायत की गई। जिसके बाद लोक निर्माण विभाग द्वारा ठेकेदार की पंजीयन निरस्त करने की कार्यवाही की गई। साथ ही काम को पूरा कराने री–टेंडर लगाया गया था। जिसे मार्च 2024 को खोला जाने और जल्द स्कूल का काम पूरा कराने का दावा विभाग द्वारा किया गया था। लेकिन अब नये शिक्षण सत्र 2025 में के शुरुआत होने के बावजूद शाला की स्थिति में कुछ बदलाव नहीं किया गया है। ऐसे में जर्जर हो चुके स्कूल में बच्चे कैसे पढेंगे यह एक चिंता का विषय बन गया है। पढ़ाई के साथ बच्चों के बैठने के लिए भी जगह नहीं है। स्कूली छात्रें को मौत के साये में रह कर पढ़ाई करना पड़ रहा है।

**एक छत के नीचे दो कक्षाएं–** वही इस स्कूल की एक चौंकाने वाली बात यह है कि एक स्कूल में एक छत के नीचे दो कक्षाएं लग रही हैं दो कक्षाओं को लगाने के लिए कक्षा के बीचों बीच तिरपाल लगाकर बच्चों को पढ़ाई कराने में शिक्षक मजबूर हैं। अगर इसी तरह कक्षाएं संचालित होते रहेगा तो बच्चों के शिक्षा गुणवत्ता में इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। जिसे लेकर शाला विकास समिति, पालक और बच्चे परेशान हैं। जिसको लेकर ग्रामीणों ने कई बार कलेक्टर से लेकर संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया और ज्ञापन भी सौंपा। पिछले दिनों आयोजित जनदर्शन में भी नारागांव के ग्रामीण कलेक्ट्रेट पहुंच कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा था।

ग्रामीणों ने बताया ग्राम पंचायत नारागांव अंतर्गत स्थित पूर्व माध्यमिक शाला भवन जीर्णोध्दार कराने के लिए पूर्व में लोक निर्माण विभाग के माध्यम से वर्ष 2023–24 में 12.80 लाख रुपये की स्वीकृति प्राप्त हुई थी। जिसका निर्माण कार्य अधुरा पढ़ा हुआ है। जिसके कारण स्कूली बच्चों के बैठने के लिए उपयुक्त सुविधा उपलब्ध नही है जिसके कारण स्कूली बच्चों का शैक्षणिक कार्य प्रभावित हो रही है, वही भवन जीर्णोध्दार का कार्य अधूरा होने के कारण दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। इस संबंध में प्रशासन को बार–बार ग्रामीणों द्वारा अवगत कराया जा चुका है। बावजूद इसके स्कूल जीर्णोध्दार के विषय में ध्यान नही दिया जा रहा है, यदि 15 जुलाई के पहले स्कूल मरम्मत का कार्य पुर्ण नहीं होता तो नये सत्र में स्कूल का लग पाना संभव नहीं है।





**मरम्मत कार्य हैं अधूरे**

सरपंच मंजुला कोवाची ने बताया कि स्कूल का मरमत कार्य विगत वर्ष से अधूरा है जिसके कारण बच्चों का जर्जर स्कूल भवन में बैठ कर पढ़ाई कर पाना संभव नहीं है हालांकि इस मामले को लेकर पूर्व में भी सम्बन्धित विभाग और प्रशासन को कई बार आवेदन किया जा चुका है बावजूद इसके स्कूल भवन का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है, वहीं वर्तमान में भी स्कूल भवन के निर्माण कार्य को जल्द पूर्ण करने के लिए कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया है और 15 जुलाई तक स्कूल भवन कार्य पूर्ण करने के लिए गुहार लगाया गया है यदि जुलाई माह तक स्कूल मरमत का कार्य पूर्ण नहीं किया जाएगा तो आगामी रणनीति तैयार की जाएगी।

**स्वीकृत राशि लौटाई**

पीडब्ल्यूडी ईई पूर्णिमा चंद्रा ने कहा शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला अत्यंत जर्जर है वहां मरम्मत कार्य नहीं हो सकता और पूर्व में स्वीकृत हुए पैसे को वापस कर दिया गया है।

## 345 पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों को सूची से हटाने की प्रक्रिया जारी

**बालोद।** मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार की अध्यक्षता में तथा निर्वाचन आयुक्तगण डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी की उपस्थिति में भारत निर्वाचन आयोग ने 345 पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों को डीलिस्ट (सूची से हटाने) करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। ये वे दल हैं जो वर्ष 2019 से पिछले छह वर्षों में एक भी निर्वाचन में भाग लेने में असफल रहे हैं और जिनके कार्यालय भौतिक रूप से कहीं भी स्थित नहीं पाए गए। इन 345 पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों का संबंध देशभर के विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से है।

आयोग के संज्ञान में आया है कि वर्तमान में पंजीकृत 2800 से अधिक पंजीकृत अप्रमाणित राजनीतिक दलों में से कई दल आवश्यक शर्तों को पूरा नहीं कर रहे हैं, जो आरयूपीपी बने रहने के लिए जरूरी हैं। इसलिए, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा एक राष्ट्रव्यापी अभ्यास किया गया जिसमें अब तक 345 ऐसे दलों की पहचान की गई है। यह सुनिश्चित करने के लिए कि किसी भी दल को अनुचित रूप से डीलिस्ट न किया जाए, संबंधित राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे ऐसे दलों को कारण बताओ नोटिस जारी करें। इसके बाद, इन दलों को संबंधित सीईओ द्वारा सुनवाई का अवसर दिया जाएगा। किसी भी आरयूपीपी को डीलिस्ट करने का अंतिम निर्णय भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लिया जाएगा। भारत में राजनीतिक दलों (राष्ट्रीय, राज्य, पंजीकृत अप्रमाणित) का पंजीकरण लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए के अंतर्गत किया जाता है। इस प्रावधान के तहत, कोई भी संघ एक बार राजनीतिक दल के रूप में पंजी—त होने पर कर छूट जैसी कुछ विशेष सुविधाएं प्राप्त करता है। यह अभ्यास राजनीतिक प्रणाली की सफाई और ऐसे दलों की डीलिस्टिंग के उद्देश्य से किया गया है जो 2019 के बाद से लोकसभा, राज्य विधानसभाओं या उप निर्वाचनों में भाग नहीं ले सके हैं और जिन्हें भौतिक रूप से खोजा नहीं जा सका है। इस प्रक्रिया के पहले चरण में 345 आरयूपीपी की पहचान की गई है और यह अभियान राजनीतिक प्रणाली को स्वच्छ करने के उद्देश्य से आगे भी जारी रहेगा।

# ऊर्जा समस्या का बेहतर समाधान है पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद



केन्द्र सरकार द्वारा प्रारंभ की गई प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना हितग्राहियों के लिए कम खर्च में बेहतर सुविधा प्रदान कर उनके लिए अत्यंत उपयोगी एवं हितकारी साबित हो रहा है। इस योजना के अंतर्गत अपने घर में 08 किलोवॉट का एक सोलर पैनल लगाने वाले विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा के विवेकानंद चौक निवासी कैलाशचंद जैन इस योजना के अंतर्गत कम खर्च में बेहतरीन सुविधा मिलने से बहुत ही प्रसन्नचित है। उन्होंने इसे हितग्राहियों के लिए अत्यंत किफायती एवं उपयोगी बताते हुए इस योजना की भूरी–भूरी सराहना की है।

कैलाशचंद जैन ने बताया कि मुझे ऊर्जा विभाग के अधिकारियों के द्वारा प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के संबंध में जानकारी दिए जाने के पश्चात उन्होंने ऊर्जा विभाग के अधिकारियों से संपर्क कर 28 दिसंबर 2024 को अपने घर में 08 किलोवॉट का एक सोलर पैनल लगाया है। उन्होंने बताया कि इस सोलर पैनल के माध्यम से अब उनका परिवार अपने घर में विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के अलावा पानी की आपूर्ति हेतु घर के मोटर पंप का संचालन हेतु भी अब वे सौर ऊर्जा का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सोलर पैनल का उपयोग करने से बिजली की अपेक्षा लागत भी बहुत कम आता है और इसके माध्यम से बेहतर सुविधा भी हम उपभोक्ताओं को प्राप्त हो रहा है। इस तरह से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत हम हितग्राही के घरों में लगाए गए सोलर पैनल सुविधा एवं बचत की –ष्टि से अत्यंत उपयोगी एवं कारगर साबित हो रहा है।

कैलाशचंद जैन ने बताया कि वे पेशे से व्यवसायी है। विकासखण्ड मुख्यालय डौण्डीलोहारा के विवेकानंद चौक में उनका छोटा सा कपड़ा दुकान है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत अपने घर में सोलर पैनल लगाने से पहले बिजली की खपत को लेकर भी परेशान रहते थे। लेकिन अब उनके घर में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत सोलर पैनल लग जाने से उसकी यह चिंता भी दूर हो गई है। उन्होंने बताया कि उनके घर में सोलर पैनल लगाने में कुल 04 लाख 15 हजार रूपये की लागत आई। इसमें से केन्द्र सरकार के द्वारा उन्हें कुल 78 हजार रुपये राशि का अनुदान भी दिया गया। उन्होंने बताया कि इस तरह से यह योजना बहुत ही उपयोगी, किफायती एवं बचत का माध्यम बनने के अलावा पर्यावरण के संरक्षण के दिशा में भी अत्यंत कारगर साबित हो रहा है।

# मोहरा पंचायत में जमीन अदला-बदली का विवाद गहराया, सरपंच पर आरोप

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरूर

- कुंवर सिंह को अपने पुराने मकान के बदले में भूमि ली और उस पर प्रधानमंत्री आवास बनाया

पंचायत ने आवास का सब्ज बाग दिखाकर एक गरीब का मकान हथिया लिया। बदले मे संरपंच ने ग्रामीणो को घासभूमि मे चिन्हांकन कर प्रधानमंत्री आवास बनाने के लिए दिया। आबादी देने के एवज मे राशि की मांग की एवं राशि नही देने पर उसके खिलाफ अतिक्रमण की शिकायत की। अब पीड़ित ग्रामीण कलेक्टर के दरबार मे न्याय की गुहार लेकर पहुंचा।

मामला ग्राम पंचायत मोहारा का है। ग्राम पंचायत के बीते कार्यकाल मे तात्कालिक पंचायत ने ग्राम के कुंवर सिंह को अपने पुराने मकान के बदले मे भूमि दिया जिस पर कुंवर सिंह ने प्रधानमंत्री आवास बना लिया। कुंवर सिंह का आरोप है कि उसे पंचायत ने आबादी भूमि देने की बात कहकर उसका पट्टा देने का भरोसा दिलाया था। लेकिन आज तक पट्टा नही मिला। कुंवर सिंह ने तात्कालिक सरपंच पति बोधराय पर आरोप लगाया है कि उसने आबादी पट्टा के नाम पर पहले 25 हजार रूपये नगद लिया। बाद मे कुल 30 हजार की मांग की। कुंवर सिंह का आरोप है कि 30 हजार नही देने पर उसके साथ मारपीट व गाली गलौज की गई। घटना की शिकायत 23 नवंबर 2024 को सनौद थाना मे की गई लेकिन सनौद थाना मे उसकी रिपोर्ट दर्ज नही की गई। उल्टे उसके खिलाफ ही मामला कायम किया गया।

**स्वयं पंचायत को देने की बात कही–** पंचायत सचिव जितेन्द्र साहू ने कहा कुंवर सिंह ने पुराने मकान को स्वयं पंचायत को देने की बात कही थी तब पूर्व पंचायत ने कुंवर सिंह को प्रधानमंत्री आवास के लिए घास भूमि उसके पुराने मकान के बदले दी है, कुंवर सिंह का पुराना मकान बेचा जा चुका है जिसकी राशि पंचायत के खाते मे जमा नही हुई है। मै उस मकान से प्राप्त राशि को देखा भी नही हूं। पुरानी पंचायत का कहना है कि उसने उस राशि से विकास कार्य कराया है।

**पैसे मांगने का आरोप**

आरोप है कि पूर्व सरपंच ने ग्रामीण कुंवर सिंह को आबादी के नाम पर घास भूमि दे दिया एवं पट्टा देने के नाम पर बार बार पैसे की मांग करने लगा पैसा नही देने पर सरपंच पति ने सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण बताकर तहसील कार्यालय मे शिकायत कर दी। पंचायत का आतंक यही नही रूका। पंचायत ने कुंवर सिंह की पुरी आबादी भूमि जहां वह पहले रहता था को हथियाकर उसे बेच दिया। उक्त भूमि से प्राप्त लाखो रूपये पंचायत मे जमा नही हुए। कुंवर सिंह ने बताया उसने अपनी प्रचलित आबादी जहां वह रहता था उसे तब तक नही छोड़ेगा जब तक उसे आबादी भूमि का पट्टा नही मिल जाता। उसने आरोप लगाया कि पंचायत ने उसे आबादी भूमि का पट्टा नही दिया और उसकी भूमि भी उससे छीन ली।

मामले मे वर्तमान सरपंच ते"वरी नेताम ने कहा कुंवर सिंह का घास भूमि मे पूर्व पंचायत ने चिन्हांकन कर दिया था घास भूमि का पट्टा हम नही दे सकते। कुंवर सिंह की पुरानी मकान पंचायत को नही मिला है एवं उसके विक्रय की राशि भी पंचायत मे जमा नही हुई है।

# गुड टच-बेड टच पर, साइबर क्राइम एवं नशा मुक्ति पर छात्र-छात्राओं को जागरूक किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

- परिजनों एवं पुलिस को ऐसी घटनाओं की तत्काल जानकारी देने की समझाइश दी

साइबर जागरूकता, नशामुक्ति अभियान एवं महिला बाल संबंधी अपराध और उनसे बचाव हेतु छात्र, छात्रओ को जागरूक किया गया। नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कर नशा से दूर रहने जिले के स्टूडेंट्स को नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। स्कूली बच्चों को गुड टच, बैड टच के बारे में बताकर अपराधिक तत्वों से सतर्क रहने तथा अपने परिजनो एवं पुलिस को ऐसी घटनाओं की तत्काल सूचना देने हेतु उचित सुझाव दिया गया। ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, सोशल मीडिया संबंधित अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी एवं टोलफ्री नंबर 1930 शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया।

जिले के समस्त थाना चौकी क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न स्कूलों में बालोद पुलिस द्वारा छात्र, छात्रओ को वर्तमान में हो रहे साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में जानकारी दी गइ एवं मोबाईल के जरीये अज्ञात व्यक्ति द्वारा पर्सनल डिटेल जैसे– ओ.टी.पी., बैंक अकाउंट नंबर, एटीएम. कार्ड नंबर, अन्य डिटेल मांगने पर साझा नहीं करने, साथ ही साथ फ्राड कॉल धारक से सर्तक रहने हेतु, आनलाईन फ्राड जैसे बिजली बिल ऑनलाईन भुगतान, फोन पे, गुगल पे, पेटीएम में कैश बैक ऑफर, टावर लगाने के नाम पर, केबीसी लॉटरी लगने के नाम पर ठगी, लोन एप्स साइट, सोशल मीडिया ऐप्स फेसबुक मैसेंजर, व्हाट्सएप के जरिए अश्लील वीडियो काल कर ब्लैकमेलिंग, एटीएम कार्ड का सुरक्षित उपयोग, एटीएम कार्ड नंबर, पिन नं. सीवीवी नंबर, ओटीपी नंबर, शेयर नही करने, अनजान लिंक पर क्लिक न करने की जानकारी दी गई। साइबर अपराधों से बचाव एवं साइबर अपराध की घटना होने पर टोल फ्री नं. 1930 पर कॉल करे या पर शिकायत करने हेतु बताया गया।




**अपराध एवं संरक्षण के बारे में जानकारी दी**

महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध एवं संरक्षण के बारे में जानकारी देकर उनके अधिकारों से भी रूबरू कराया गया। साथ ही स्कूली बच्चों को अपराधिक तत्वों द्वारा होने वाली गतिविधि से सतर्क रहने, गुड टच बैड टच के बारे में बताया गया, बैड टच के असहजता से सजग रहकर ऐसी कृत्य घटना की सूचना तुरंत अपने परिजन एवं पुलिस को देने हेतु बालोद पुलिस द्वारा बच्चों को भयमुक्त करा उचित सुझाव दिया गया। जिले के स्कूली छात्र छात्रओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराते हुए नशा से दूर रहने, नशे के कारण होने वाले अपराध एवं सड़क दुर्घटनाओं के बारे में बताया गया। नशा के दुष्प्रभाव से अवगत कर नशा से दूर रहने जिले के स्टूडेंट्स को नशामुक्ति शपथ दिलाई गई। स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ठ हिन्दी माध्यम स्कूल झलमला के विद्यार्थियों को एसडीओपी देवांश राठौर के नेतृत्व में थाना प्रभारी बालोद शिशुपाल सिन्हा एवं महिला सेल प्रभारी सीता गोस्वामी के द्वारा उक्त जागरूकता अभियान के तहत जानकारी साझा कर जागरूक किया गया, बालोद जिले की सभी थाना चौकी क्षेत्र में स्कूलों में यह कार्यक्रम आज कराया गया है। इस दौरान स्कूल के प्राचार्य, शिक्षकगण एवं विद्याथएँ उक्त जानकारी प्राप्त कर उत्साहित नजर आए।

### कालेज में प्रवेश के लिए कोटवार से कराई मुनादी

**बालोद/निकुम।** कॉलेज के जन भागीदारी अध्यक्ष सुरेश साहू अपने क्षेत्र के बच्चो को कॉलेज मे प्रवेश लेने के लिए कई अहम कदम उठाते हुए अब अपने क्षेत्र के ग्रामो मे कोटवारो के माध्यम से मुनादी कराकर विद्यार्थीयो को कॉलेज मे प्रवेश लेने के लिए प्रोत्साहित कर रहे है। स्वगएँय मुकेश्वर से भारती कॉलेज निगम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है जिसमें कला विज्ञान संकाय, वाणिज्य संकाय, प्रथम सेमेस्टर हेतु आवेदन जारी हैऑनलाइन फॉर्म के आधार पर प्रवीणता सूची जारी की जाएगी। इच्छुक विद्याथएँ ऑनलाइन आवेदन पश्चात प्रवीणता सूची अनुसार प्रवेश प्राप्त कर सकते हैं, द्वितीय चरण के पश्चात जो विद्याथएँ प्रवेश नहीं ले पाए हैं उनके लिये तृतीय चरण में विश्वविद्यालय के पोर्टल में ऑनलाइन आवेदन करना होगा तत्पश्चात प्रवीणता के आधार पर सूची जारी होगी। वही कॉलेज के जन भागीदारी अध्यक्ष सुरेश साहू ने कहा जीवन में उच्च शिक्षा बहुत जरूरी है, तभी हमें महत्वपूर्ण पदों पर पहचान मिलती है गौर हो कि निकों पूरे अंचल के 15 गांव का केंद्र बिंदु है जिसमें बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल रही है। वही में प्रवेश के लिए सुरेश साहू ने नई पहल करते हुए ग्राम पंचायत में कोटवारों के माध्यम से बुनियादी कराकर कॉलेज में प्रवेश करने के लिए बेहतर पहल किया है, वही कॉलेज में बच्चों को पूरी सुविधा मिलेगी, इसलिए अपने बच्चों को निकुम कॉलेज में पढ़ने की अपील किया है।

### मोटरपंप को किया क्षतिग्रस्त किसान ने दर्ज कराई रिपोर्ट

**गुरूर।** ब्लॉक के ग्राम मुजगन, बोहारडीह में किसानों के मोटर पंप को अज्ञात व्यक्ति द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है। जिसकी रिपोर्ट किसानो द्वारा गुरुर थाने में दर्ज की गई है। आपको बता दे कि ग्राम मुजगहन के किसान मनराखन साहू, बोहारडीह के किसान हरक साहू, द्वारिका साहू की मोटर पंप को अज्ञात व्यक्ति द्वारा नुकसान पहुंचाया गया है, जहां अज्ञात व्यक्ति द्वारा मोटर के ऊपरी भाग को पना के सहारे क्लेम को निकाल कर मोटर नीचे गिराने का प्रयास किया गया है, जिसके चलते अन्य किसानों में भय बना हुआ है। सरपंच राजेंद्र साहू ने किसानों के साथ जाकर गुरुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है, जहां बताया गया कि उक्त अज्ञात व्यक्ति द्वारा केबल वायर को काटा नहीं गया है केवल मोटर पंप के ऊपरी हिस्सा बैंड एवं क्लेम को निकाल कर मोटर नीचे गिराने का प्रयास किया गया है, जिसमें दो किसानों के मोटर को गिराया गया है एवं तीसरे किसान की मोटर पंप को गिराने का प्रयास किया गया है जो की अज्ञात व्यक्ति द्वारा प्रयास का सफल रहा। आपको बता दें कि क्षेत्र में मोटर पंप से केबल वायर चोरी की घटना सामने आ रही थी किंतु यह पहली घटना है जिसमें अज्ञात व्यक्ति द्वारा क्लेम को निकाल कर मोटर गिराने का प्रयास किया गया है, किसानों ने बताया कि इस तरह हरकत करने से उक्त अज्ञात व्यक्ति को क्या लाभ होगा यह समझ से परे है।

## बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति लोगों को किया जागरूक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बालोद

बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के 10 साल पूर्ण होने के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा 26 जून 2025 को जागरूकता रथ का आयोजन किया गया । इस उपलक्ष्य में दानीटोला बालोद में उपस्थित भारत इंस्टीट्यू ऑफ नर्सिंग और मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के छात्र-छात्राओं द्वारा ₹बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ जागरूकता रथ का समर्थन कर शपथ लेकर लोगों को बेटियों की शिक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक किया। साथ ही लड़कियों की शिक्षा को बढ़ावा देने और लैंगिक समानता का संदेश फैलाया। इस उपलक्ष्य पर भारत इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य श्री डेनियल दीपक मसीह सर व समस्त स्टाफ और मारुति इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डॉ सीजो कोशी मैडम व समस्त स्टाफ मौजूद रहे ।

पेज 3 का शेष...

### सिपाही से गाली...

द्वारा चौकी स्टाफ के साथ मामले को नियंत्रित करने सहायता हेतु तत्काल घटना स्थल में पहुंचे थे जहां लोगों की भीड़ जमा हो गयी थी। घटना स्थल पर जितेन्द्र एवं धनेश निवासी पिनकापार द्वारा जेसीबी चालक की पीटाई कर रहे थे, पिंकापार पुलिस द्वारा अपने कर्त्तव्य के अनुरूप दायित्व निभाते हुए मामले को कंट्रोल करने जेसीबी चालक को वाहन में बैठाकर चौकी पिनकापार लाने का प्रयास कर रहे थे। इतने में दोनों आरोपीगण द्वारा जेसीबी चालक को और मारेंगे कहकर पिंकापार पुलिस के साथ ही वाद विवाद पर उतर आए, चौकी प्रभारी द्वारा समझाइश देने पर भी दोनों आरोपी नहीं माने उल्टा पुलिस को ही गाली गलौच करते हुए पुलिस पर ही हमला कर दिए। उक्त घटना की जानकारी अधिकारियों को दी गई जिस पर थाना प्रभारी देवरी दिनेश कुमार कुर्रे द्वारा दलबल के साथ तत्काल मौके पर पहुंचकर जमा हुए भीड़ को पहले नियंत्रित कर मामला शांत कराया गया तदुपरांत पुलिस अधिकारी पर जानबूझकर आपराधिक बल का प्रयोग करने वाले हमलावर आरोपियों को शासकीय कार्य में बाधा डालकर मारपीट करने के मामले में थाना देवरी द्वारा गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकूलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

**खबर संक्षेप**



## ठेकवाडीह युक्तियुक्तकरण को निरस्त करने की मांग

**गुरूर।** ग्राम ठेकवाडीह ग्रामीणों द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला ठेकवाडीह के सहायक शिक्षक की युक्तियुक्तकरण आदेश को निरस्त करने मांग जिलाधीश से की गई है। जिसमें अवगत कराया गया कि शासकीय प्राथमिक शाला ठेकेवाडीह में पदस्थ शिक्षक को युक्तियुक्तकरण के तहत प्राथमिक शाला भिरई, गुरुर में प्रदांकित किया गया है, जिससे शासकीय प्राथमिक शाला ठेकवाडीह में एक प्रधान पाठक शिक्षिका और एक विकलांग शिक्षक सहित केवल दो ही शिक्षक पदस्थ है, जिसमें से एक शिक्षक प्रतिदिन डाक एवं अन्य कार्य में संलग्न रहने से बच्चों की पढ़ाई दो शिक्षक के पर्याप्त नहीं है, जिससे कि बच्चों की शैक्षणिक गुणवत्ता प्रभावित हो रही है, दो शिक्षकों के द्वारा पांच कक्षा के 18 कालखंड का अध्यापन कार्य किसी भी प्रकार से तर्कसंगत नहीं है एवं बच्चों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है व अन्याय पालक गण एवं ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से युक्तियुक्तकरण नीति निर्देशक निरस्त कर किसी एक अन्य शिक्षक की मांग की गई है। जिससे कि बच्चों की पढ़ाई के साथ खिलवाड़ ना हो।

## चंदखुरी विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक हुई



**अंडा।** सेजस विद्यालय चंदखुरी में शाला प्राचार्य के द्वारा शाला प्रबंधन समिति का बैठक रखा गया जिसमें पुराने शाला भवन का डिस्मैंटल कर नया भवन बनाने , प्रसाधन निर्माण, शौचालय मरम्मत एवं अन्य कार्यो का प्रस्ताव समिति के अध्यक्ष व सदस्यो द्वारा सर्व सहमति से रखा गया। बैठक में आशा विक्की मिश्रा जिला पंचायत सदस्य, राजेन्द्र चंद्राकर अध्यक्ष शाला प्रबंधन समिति, कविता ठाकुर सरपंच,शिखा मिश्रा प्राचार्य, पाठक मैम जी व्याख्या पोषण देवांगन विधायक प्रतिनिधि, भूपेन्द्र साहू सदस्य, दुष्यंत चंद्राकर शिक्षाविद, प्रतीक जैन, दुर्गेश साहू पंच, जितेन्द्र यादव पूर्व उपसरपंच उपस्थित रहे साथ ही साथ जनप्रतिनिधियों व सदस्यो के द्वारा बैठक उपरांत जर्जर शाला भवन का निरीक्षण कर अतिशीघ्र समस्याओं का निराकरण करने का आश्वासन दिया।

**बैठक : कलेक्टर ने ली डौण्डी में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक**

# समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा मांगों एवं समस्याओं के करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/डौंडी

कलेक्टर श्रीमती दिव्या उमेश मिश्रा ने आज जनपद पंचायत डौण्डी के सभाकक्ष में विकासखण्ड स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न विभागों के कार्यों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने सभी विभाग के अधिकारियों को शासकीय योजनाओं का निर्धारित समयावधि में क्रियान्वयन सुनिश्चित करने तथा आम जनता के मांगों एवं समस्याओं के निराकरण हेतु त्वरित कार्रवाई करने के सख्त निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर श्री चन्द्रकांत कौशिक, एसडीएम श्री सुरेश साहू, तहसीलदार श्री देवेन्द्र नेताम, जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री डीडी मण्डले सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

**विभिन्न विभागों के कार्यों की समीक्षा-** बैठक में श्रीमती मिश्रा ने राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, स्वास्थ्य, वन, कृषि एवं अन्य विभागों के अलावा स्वच्छ भारत मिशन, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा आदि कार्यों की बारी-बारी से समीक्षा की। राजस्व विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए तहसीलदार श्री देवेन्द्र नेताम से डौण्डी तहसील के अंतर्गत पटवारी हल्का एवं राजस्व निरीक्षक सर्कल तथा राजस्व प्रकरणों के निराकरण के स्थिति की संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने सुशासन तिहार के दौरान प्राप्त आवेदन पत्रों तथा उनके निराकरण हेतु की गई कार्रवाई की भी समीक्षा की। कलेक्टर ने अतिक्रमण के संबंध में की गई कार्रवाई के संबंध में जानकारी लेते हुए तहसीलदार एवं नगर पालिका के अधिकारियों को समन्वय बनाकर दल्लीराजहरा रोड पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने स्वामीत्व योजना के अंतर्गत प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की स्थिति के संबंध में भी जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ शेष सभी प्रकरणों को निर्धारित समयावधि में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने स्कूली बच्चों के जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने हेतु की जा रही कार्रवाई के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी स्थिति में बच्चों को जाति, निवास एवं आय प्रमाण पत्र बनाने में किसी भी प्रकार की परेशानियों का सामना न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने राजस्व एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों को समन्वय बनाकर इस कार्य को शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने किसान पंजीयन के कार्य की जानकारी लेते हुए इस कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए।



**प्रगतिरत कार्यों की विस्तारपूर्वक जानकारी**

इस दौरान कलेक्टर ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के कार्यों की भी समीक्षा की। इसके अंतर्गत उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास निर्माण हेतु पूर्ण, अपूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यों के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी लेते हुए शेष सभी कार्यों को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने आवास प्लस सर्वे कार्य के संबंध में भी जानकारी ली। अप्रारंभ कार्यों की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को हितग्राहियों से संपर्क कर सभी अप्रारंभ कार्य को शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। स्वच्छ भारत मिशन कार्यों की समीक्षा करते हुए इसके अंतर्गत सामुदायिक शौचालय, प्लास्टिक वेस्ट मैनजेमेंट, फिकल स्लज ट्रिटमेंट प्लांट आदि के निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली।

## मंत्री जायसवाल ने नाड़ी वैद्य देशमुख को किया सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला के ग्राम भेड़ी निवासी नाडी वैद्य आयुर्वेदाचार्य गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख को आयुष चिकित्सा पद्धति के अंतर्गत आयुर्वेद के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए 26 जून को द रोमन पार्क दुर्ग में आयोजित मेगा कॉन्क्लेव कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर दुर्ग लोकसभा सांसद विजय बघेल भी उपस्थित थे। 64 योगिनी मंदिर व मोक्ष धाम सेवा संस्थान के संस्थापक गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख बीते कई वर्षों से जन सेवा का कार्य भी कर रहे मेधावी बच्चों की शिक्षा में सहयोग, निर्धन कन्या विवाह स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए ग्राम गोलकुंमडा तहसील चारामा जिला कांकेर को भी प्रोत्साहन स्वरूप नगद राशि प्रदान कर गुरुदेव के द्वारा सम्मानित किया गया। ऐसे ही विभिन्न जन सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले संस्था और व्यक्तियों को गुरुदेव समय–समय पर सम्मानित करते रहे हैं। निर्धन बीमार व्यक्तियों का अब तक निःशुल्क इलाज करते आ रहे हैं। इस अवसर पर गुरुदेव बीरेंद्र देशमुख ने कहा कि आयुर्वेद एक संपूर्ण चिकित्सा पद्धति है, जिसके माध्यम से छोटे से लेकर जटिल रोगों का सफल उपचार किया जाना संभव है, यह भारत की सबसे प्राचीनतम चिकित्सा पद्धति है, आयुर्वेद हमें एक स्वस्थ जीवन शैली का भी विकल्प प्रदान करती हैस साथ ही उन्होंने कहा कि परोपकार ही सबसे बड़ा धन है, मानव समाज की उन्नति परोपकार पर ही टिकी है, उन्होंने कहा कि हमे हमेशा एक दूसरे की हरसंभव मदद करते रहना चाहिए, जिससे मानव उन्नति की ओर अग्रसर होते रहे।

# मड़ियाकट्टा शाला में अंतरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस मनाया गया

**सामाजिक सहभागिता से ही नशा मुक्त समाज का निर्माण संभव : पिकेश्वर**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौण्डीलोहारा



विकास खण्ड आदिवासी वनांचल ग्राम मड़ियाकट्टा स्कूल में अन्तरराष्ट्रीय नशा मुक्ति दिवस कार्यक्रम आयोजन कर विभिन्न गतिविधियो बच्चों से चित्रकला, निबंध लेखन, स्लोगन, वाद-विवाद, पोस्टर बैनर के जन जागरूकता अभियान चलाने की अपील किया गया।

अन्तरराष्ट्रीय नशामुक्ति दिवस के अवसर पर राज्यपाल पुरुस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने कहा कि सामाजिक सहभागिता से ही नशामुक्त समाज का निर्माण संभव है। नशा एक सामाजिक बुराई है। सामाजिक सहभागिता से ही नशामुक्त समाज बनाया जा सकता है।

नशामुक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओ के दुरुपयोग को रोकना,नशे के आदी लोगों उपचार करना और समाज में जागरूकता फैलाना है।इसका लक्ष्य एक नशा मुक्त भारत बनाना हैं।जहां लोग स्वस्थ, खुशहाल जीवन जी सकें।

**नशीली दवाओ के दुरुपयोग को रोकना-** बच्चों युवाओ को दवाओ के सेवन से होने वाले खतरों के बारे में शिक्षित करना और उन्हें नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करना,नशीली दवाओ के दुरुपयोग के बारे में सार्वजनिक जागरूकता बढ़ाना,ताकि लोग इसके खतरा को समझ सकें और नशे से दूर रह सकें।

एक ऐसा समाज बनाना जहां नशीली दवाओ का कोई स्थान न हो और लोग स्वस्थ, खुशहाल जीवन जी सकें। नशामुक्ति अभियान में समुदाय के सभी वर्गों जैसे परिवार स्कूल धार्मिक संगठन और गैर सरकारी संगठनों को शामिल करना।यह अभियान न केवल व्यक्तियों को बल्कि पूरे समाज को लाभान्वित करता है।अन्तरराष्ट्रीय नशामुक दिवस के अवसर पर प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने नशामुक्त भारत का संकल्प दिलाया और एक पेड़ मां नाम पर वृक्षा रोपण पर्यावरण संरक्षण जल संरक्षण के लिए अपील किया गया। इस अवसर शिक्षक नारदराम भुआर्य, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, गांधीराम बघेल, भूमिका मोवाड़े, नारायण सिंह कोठारी उपस्थित रहे।

## आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर भाजपा मंडल ने की गोष्ठी

**गुरूर।** आपातकाल की 50वीं वर्षगांठ पर मंडल संगोष्ठी कार्यक्रम भाजपा मंडल सनौद मे संपन्न हुआ। मुख्य वक्ता पूर्व जिला पंचायत सदस्य पुष्पेंद्र चंद्राकर व मंडल अध्यक्ष खेमलाल देवांगन, महामंत्री ललित गजेंद्र, ढंगु हिरवानी, कोषाध्यक्ष घनेंद्र साहू, जिला पंचायत सदस्य लक्ष्मीअशोक साहू, जनपद पंचायत उपाध्यक्ष दुर्गानंद साहू, जनपद सदस्य हरिकृष्ण गंजीर, गुलाब सिंहा, आशीष साहू, झालेन्द्र साहू, नीता साहू, दुखिया बाई, लीलाराम सोनबेर, मनीष साहू, लखन गुरुपंच, पूरन लाल, आशाराम साहू, प्रेमलाल साहू, धनराज साहू, राजू साहू, गुलाब राम, मनहरण साहू, लोकनाथ, नीलकाठ, बोधराम साहू, हेमलाल सिंहा, लखन लाल, मंशाराम, रविकुमार, हिनेश्वर, संतोष निषाद, छबीलाल, बाबू लाल, फुल सिंह, धर्मेंद्र, हुमन साहू, परस्मनी, चुम्मन, धनेश्वर, नरेश साहू, पूनम चंद, सेवाराम, जसवन कुमार, रामकुमार, डॉ देवा, नंद कुमार साहू, कुमार साहू, घिरपाल, प्रेमलाल, श्रावण निषाद, संतोष गंगबेर, जीतेन्द्र साहड़ा, बालक राम, जोहन कुमार, उर्वशी साहू, गैदलाल, भुजेन्द्र साहू, हुकुम सिंह, मितेश साहू, मुकेश साहू उपस्थित थे।

# कांग्रेस ने आपातकाल थोपकर सत्ता बचाने की साजिश रची : भाजपा

**भाजपा ने आपातकाल के काले अध्याय पर संगोष्ठी की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



भारतीय जनता पाटएँ मंडल मिरएँटोला पुरूर में आपातकाल के काले अध्याय 25 जून 1975 के 50 वर्ष पूर्ण होने पर संगोष्ठी का कार्यक्रम रखा गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता जिला अध्यक्ष ओबीसी मोर्चा बालोद जितेन्द्र साहू उपस्थित थे। उन्होंने लोकतंत्र की हत्या के उस काल को अपने व्यक्तव्य से कार्यकर्ता एवं जनता को अवगत कराया। जिसमे कांग्रेस के तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने मध्य रात्रि को कानून के गलत उपयोग करके आंतरिक सुरक्षा का आड़ लेते हुए देश पर आपातकाल कानून थोपा, जिसमे भारतीय जनता पाटएँ के साथ साथ विपक्षी सभी दलों को दबाने के लिए उनके नेताओ को जेल में डाल दिया, उनके साथ अत्याचार किया, उन्होंने बहुत सी पाबंदी लगाई और अपने पद को बचाने के लिए हर संभव प्रयास किये। भाजपा एक ऐसी पाटएँ है जो देश हित मे काम करें अपना सर्वश्व न्योछावर करे वो चाहे जिस दल का हो सभी का सम्मान करती है। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष टुकेशवर पांडेय, जिला उप अध्यक्ष त्रिलोकी साहू, जिला पंचायत सभापति तेजराम साहू, चंद्रिका यशवंत साहू, पूर्व जनपद अध्यक्ष बालचंद टंडन, पूर्व मंडल अध्यक्ष यादराम साहू, मंडल उपाध्यक्ष मेहतर नेताम, होमशंकर साहू, महामंत्री राकेश सिन्हा, कोषअध्यक्ष यदिप साहू, प्रहलाद साहू, महामंत्री गुरुर लिखेस्वर साहू, मंत्री आरती साहू, मंत्री बाबूलाल सिन्हा, मीना साहू, संध्या साहू, संतोषी साहू, कुमारी साहू, दिनेश्वरी सिन्हा, गंगा टंडन, रेणूका गजेन्द्र, हेमंत साहू, द्वारका सिन्हा, छगन साहू, मिथलेश साहू, भुनेश्वर साहू, झालेंद्र सिन्हा, ईश्वर साहू, शैलेंद्र सोरी, भुवन साहू, रामचंद साहू, बिसेसर निषाद, धर्मेंद्र साहू, गोकुल साहू, संजय साहू, मिथलेश साहू, अजेंद्र साहू, भीखम सिन्हा, अशोक सिन्हा, अजय साहू, राजेंद्र साहू, पोखन साहू, तोमेंद्र साहू, बिसंभर साहू, केशव बंधु, नवीन पटेल, दुजराम साहू, सुरेन्द्र साहू, गजानंद मरकाम, धनुराम टंडन, पिंटू साहू, उदेसाहू, इंद्रसेन गजेन्द्र, सारंग साहू, —ष्ण प्रजापति एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित थे। कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य वक्ता जितेंद्र साहू ने समस्य कार्यकर्ता का आभार व्यक्त किया।

# सहगांव में 30 को लाभ संतृप्ति शिविर का होगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

धरती आबा जनभागीदारी अभियान के अंतर्गत सोमवार 30 जून को जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव में लाभ संतृप्ति शिविर का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के विभिन्न स्थानों में आयोजित लाभ संतृप्ति शिविरों के सफल आयोजन हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की गई है। इन क्षेत्रें में निवास करने वाले जनजातीय परिवार के लोगों को मुनादी एवं अन्य माध्यमों से शिविर आयोजन के जानकारी देने के साथ–साथ अधिक से अधिक संख्या में शिविरों में उपस्थित होकर शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लेने की अपील की गई है।

आदिवासी विकास विभाग के सहायक आयुक्त ने बताया कि सोमवार 30 जून को डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम सहगांव में आयोजित शिविर में ग्राम जाटादाह, झरनटोला, मरकामटोला, सहगांव, भालूकोन्हा, गैंजी, सेम्हरकोन्हा, माईपारा, खड़बत्तर, झींकाटोला, पीपरखार ख, किल्लेकोड़ा, खोलझर, पिंगाल, भिमदो, लमती एवं तुमड़ीकसा के ग्रामीण शामिल होंगे।

उन्होंने बताया कि शिविर में चयनित ग्रामों के जनजातीय परिवारों को आधार कार्ड, राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, जाति प्रमाण पत्र, अधिवास प्रमाण पत्र, किसान क्रेडिट कार्ड, पीएम किसान सम्मान निधि, जनधन खाता, बीमा कवरेज, वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन, विकलांग पेंशन, विश्वकर्मा योजना, मुद्रा ऋण, महिला एंव बाल कल्याण, टीकाकरण, जनजातीय परिवार के घरों में नल कलेक्शन, विद्युत कलेक्शन, उज्ज्वला, कौशल प्रशिक्षण, इत्यादि सेवाएं प्रदाय की जाएगी। इसके साथ ही सिकल सेल, की जॉच व स्वास्थ शिविर का आयोजन भी किया जाएगा। इस दौरान प्रचार रथ के माध्यम से जनजातीय परिवार के लोगों को उन्हें प्रदान की जाने वाली विभिन्न 17 विभागों के 25 सेवाओं एवं योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी।

## जनलेवा हमला, 3 दोषियों को 10-10 साल की सजा

**बालोद।** जुगेरा गौठान के पास जान से मारने की नियत से चाकू से हमला करने वाले तीन आरोपियों को कोर्ट ने दस वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है।

रानीतराई थाना बालोद निवासी मंगल सिंह उइके पिता विशाल सिंह उइके 31 वर्ष, छोटू गिरी उर्फअर्जुन गोस्वामी पिता मुरली गिरी गोस्वामी 21 वर्ष व कमल किशोर नेताम उर्फ किशोर पिता सहदेव राम नेताम 32 वर्ष जेल की सजा काटेंगे। ये सजा 12 मार्च 2024 को मारपीट कर चाकू से जान से मारने की नीयत से हमला करने के कारण सुनाई गई है। डूनेश साहू एवं हेमचंद यादव अपने दोस्तों के साथ मोबाइल देखते हुए ग्राम–जुंगेरा के गौठान पुलिया के पास बैठे थे, तभी मोटर साइकिल से आए मंगल, छोटू और किशोर गाली देने लगे।

# भाजपा मोर्चा का अल्पसंख्यक चौपाल प्रेस कॉन्फ्रेंस आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गौरवशाली 11 वर्ष पूर्ण होने पर भाजपा द्वारा आयोजित संकल्प से सिद्धि कार्यक्रम के तहत भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा जिला बालोद द्वारा मण्डल दल्ली–राजहरा में अल्पसंख्यक चौपाल प्रेस–कॉन्फ्रेंस एवं एक पेड़ मां के नाम कार्यक्रम 28 जून गायत्री मंदिर हाल मे कार्यक्रम आयोजित किया गया है। जिसमें मुख्य वक्ता प्रदेश प्रभारी एवं राष्ट्रीय कार्यसमिति सदस्य भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मोहम्मद सपाम होंगे। अतिथिगण अध्यक्ष छत्तीसगढ़ राज्य वक्फ बोर्ड डॉ सलीम राज, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शकील अहमद, जिला अध्यक्ष भाजपा बालोद चेमन देशमुख, जिला महामंत्री भाजपा बालोद राकेश यादव, प्रदेश महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा शाहिद खान, प्रदेश महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मखमूर इकबाल खान, प्रदेश उपाध्यक्ष महिला मोर्चा शीतल नायक, जिला मंत्री भाजपा बालोद राजेश दसोड़े, अध्यक्ष नगर पालिका दल्ली–राजहरा तोरण लाल साहू, प्रदेश महामंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा मनोज दूबे, उपाध्यक्ष नगर पालिका दल्ली–राजहरा रफीक खान, प्रदेश मंत्री भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा अकबर तिगाला, जिलाध्यक्ष भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा बालोद रामेश्वर साहू, अध्यक्ष भाजपा मण्डल दल्ली–राजहरा स्वाधीन जैन, प्रदेश मीडिया प्रभारी अल्पसंख्यक मोर्चा सहित बालोद में निवासरत भारतीय जनता पाटएँ एवं अल्पसंख्यक मोर्चा के सभी प्रदेश पदाधिकारी गण,कार्यसमिति सदस्य गण, जिला पदाधिकारी गण, मोर्चा अध्यक्ष–गण मण्डल अध्यक्ष–गण, मण्डल पदाधिकारी, कार्यकर्तागण एवं अल्पसंख्यक समाज के गणमान्य जन की गरिमामई उपस्थिति में संपन्न होगा।

# अज्ञान से आत्मा डूबती है और ज्ञान से होता है उत्थान : महासती प्रियंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा

नगर के जैन अर्चना भवन के सभागार में युगप्रधान आचार्य भगवन श्रीरामलालजी मसा की सुशिष्या महासती प्रियंका श्रीजी मसा ने अपने आध्यात्मिक प्रवचनों की श्रृंखला के अंतर्गत कहा कि किसी भी लोहे के कील को नदी में डालेंगे तो वह सहज ही डूब जाएगी, यदि वही लोहे की कील नाव में लगे लकड़ी के तकते पर लगी हुई होंगी तो वह कभी भी नही डूबेगी।कील को नाव का संपर्क मिला और वह डूबने से बच गई। ज्ञानीजन कहते हैं कि ठीक इसी प्रकार कर्मो से भारी आत्मा का डूबना तय है वही यदि आत्मा को सत्संग का संपर्क मिल गया तो वह कभी भी डूबने वाली नही है। महासती जी ने कहा कि सत्संग व प्रवचनों को अपने जीवन के अंदर बड़ा ही महत्वपूर्ण स्थान है।यदि प्रवचन को प्रभु की वाणी को जीवन मे आत्मसात कर लिया तो निश्चित ही कल्याण के मार्ग पर आगे बढ़ सकते हैं।जिनवाणी सुनकर आत्मचिंतन जरूर चलना चाहिए भीतर में हलचल होनी चाहिए।व्यहवार में परिवर्तन दिखना चाहिए तभी सही मायने में जिनवाणी श्रवण की सार्थकता होगी।हमारा व्यवहार इतना बदल जाना चाहिए कि घर में स्वर्ग की अनुभूति हो तथा संघ समाज के बीच हमारे जाने मात्र से ही लोगो को आनन्द की अनुभूति व सौहार्द के सुगन्ध का एहसास होना चाहिए।चिन्तन करें कि हमारे व्यवहार विचार व प्रकृति कैसी है।स्वभाव बदलने से निश्चित ही गति बदल जाती है।प्रतिकूलता में भी अनुकूलता का एहसास होने लगता है।महासतीजी ने कहा कि संसार के चीजों को निरन्तर ही बदलते रहते है अब अपने आपको बदले।घर का नक्शा बहुत बदल लिया अब जीवन को बदलना है ।घर का फर्नीचर बहुत बदल लिया अब अपने फ्यूचर को बदलने के प्रयास करें।जिनवाणी श्रवण कर चिंतन मनन कर आचरण में बदलाव लाने के प्रयास करें।जीवन मे बदलाव आएगा तभी कल्याण के मार्ग पर आगे बढ सकते हैं शास्वत सुखों की प्राप्ति की जा सकती है।



■ मुमुक्षु बहन गुन कवाड का किया गया अभिनंदन

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

आइब्रो, मूंछ दाड़ी के बालों का प्रत्यारोपण
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के उपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.

